# पांच एयरपोर्ट से मिलेगी यूपी की हसरतों को उड़ान

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में पांच नए एयरपोर्ट के लोकार्पण के साथ ही यूपी देश में सबसे अधिक एयरपोर्ट वाला राज्य बन गया है। प्रदेश में अब चार अंतरराष्ट्रीय और 11 घरेलू हवाई अड्डे हो गए हैं। ये एयरपोर्ट प्रदेश में पर्यटन विकास और निवेश की हसरतों को भी उड़ान देंगे।

अभी प्रदेश में आगरा, त्रिशूल (बरेली), गोरखपुर, हिंडन (गाजियाबाद), प्रयागराज और कानपुर में घरेलू एयरपोर्ट संचालित हैं। लखनऊ, वाराणसी, कुशीनगर और अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं। पीएम मोदी ने रविवार को आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट और अलीगढ़ एयरपोर्ट का लोकार्पण किया। पांचों एयरपोर्ट के निर्माण पर 2548.69 करोड़ रुपये खचर्र्च हैं। पीएम ने लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 का भी लोकार्पण किया।

## देश में सर्वाधिक एयरपोर्ट वाला प्रदेश बना यूपी, यहां अब चार अंतरराष्ट्रीय और 11 घरेलू एयरपोर्ट

### ये हैं निर्माणाधीन

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर निर्माणाधीन है। जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण का निर्माण इस वर्ष पूरा हो जाएगा। सहारनपुर, सोनभद्र, ललितपुर, मेरठ और पलिया में भी एयरपोर्ट निर्माणाधीन हैं।